**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 25.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. रणनीतिक साझेदारी को नई उच्चाईयों पर ले जाने के उद्‌देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर इजरायल के लिए रवाना हुए।
2. भू–स्खलन की आशंका के चलते मध्योत्तर अंडमान के डिगलीपुर में जिला परिषद सड़क को करीब ढेड़ महीने तक अस्थायी रूप से बन्द रखने का आदेश जारी किया गया।
3. नारकोटिक्स ड्रग्स को रोकने में मदद करने पर पुलिस महानिदेशक ने ओंगी जनजाति के दो होमगार्डस स्वयं सेवकों को सम्मानित किया।
4. राजधानी श्री विजयपुरम में आज केन्द्रीय द्वीप कृषि अनुसंधान संस्थान में वन हेल्थ– सत्त भविष्य की ओर विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की राजकीय यात्रा पर इजरायल रवाना हो गए हैं। रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि इजरायल की उनकी दो दिन की राजकीय यात्रा से दोनों देशों के बीच स्थायी संबंध और प्रगाढ होंगे। श्री मोदी ने कहा कि यह यात्रा रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी और दोनों देशों के लिए एक लचीले और समृद्ध भविष्य की साझा दृष्टि को आगे बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे इजरायल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान इजरायल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू के साथ दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा तथा सुरक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, व्यापार और अर्थव्यवस्था, दोनों देशों के लोगों के बीच आदान–प्रदान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर बातचीत होगी। पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार–विमर्श की संभावना है। श्री मोदी कल इजरायल के राष्ट्रपति इसेक हर्ज़ोग से मुलाकात करेंगे। इजरायल के राष्ट्रपति ने कहा है कि उनका देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

<><><><><><><>

जिला मजिस्ट्रेट सुशांत पाधा, द्वारा जारी आदेश के अनुसार आर.के. ग्राम, डिगलीपुर स्थित सिविल सप्लाई कार्यालय के सामने की जिला परिषद सड़क को अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश जारी किया गया है। यह सड़क 25 फरवरी से 12 अप्रैल 2026 तक बंद रहेगी। सड़क की स्थिति को देखते हुए वहां रिटेनिंग वॉल का आपातकालीन निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इस अवधि में आम जनता का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। निर्माण कार्य के दौरान वाहनों की आवाजाही सीएचसी डिगलीपुर से विवेकानन्दा केन्द्र जिला परिषद विद्यालय, आर.के. ग्राम होते हुए ग्राम पंचायत कार्यालय के रास्ते वैकल्पिक मार्ग से की जाएगी। जिला परिषद को कार्य समयबद्ध पूरा करने तथा पुलिस विभाग को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य निदेशालय ने "अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में मेडिकल प्रैक्टिशनरों के अभ्यास हेतु NOC (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) की आवश्यकता संबंधी स्पष्टीकरण" विषय पर एक महत्वपूर्ण परिपत्र जारी किया है। यह प्रपत्र द्वीपसमूह में कार्यरत एवं अभ्यास करने के इच्छुक चिकित्सकों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधी प्रक्रियाओं और आवश्यकताओं को स्पष्ट करने के उद्देश्य से जारी किया गया है। प्रशासन का कहना है कि इस स्पष्टीकरण से चिकित्सा सेवाओं के संचालन में पारदर्शिता आएगी तथा अनावश्यक भ्रम की स्थिति समाप्त होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के पुलिस महानिदेशक ने आज पुलिस मुख्यालय में आयोजित विशेष समारोह में ओंगी जनजाति के दो होम गार्ड स्वयंसेवक राजा और झाज को सम्मानित किया। दोनों स्वयंसेवकों को उनकी साहस, निष्ठा और पुलिस को महत्वपूर्ण सहयोग देने के लिए सम्मानित किया गया।

दोनों के योगदान की वजह से नारकोटिक ड्रग्स छ दशमलव नौ सात नौ किलोग्राम मेथाम्फ़ेटामाइन बरामद करने में मदद मिली। पिछले महीने हट बे पुलिस स्टेशन क्षेत्र के पगला मुंडी के पास जंगल में पैदल गश्त के दौरान, दोनों स्वयंसेवकों ने घने जंगल में रेत और सूखी पत्तियों के नीचे छिपाए गए मेथाम्फ़ेटामाइन का पता लगाने और उसे बरामद करने में निर्णायक भूमिका निभाई। यह पहली बार है कि किसी विशेष रूप से संवेदनशील जनजाति समूह के सदस्य को सक्रिय क्षेत्रीय कार्यों में शामिल किया गया और बड़ी नारकोटिक्स बरामदगी में योगदान मिला। पुलिस महानिदेशक ने उनके योगदान को मान्यता देते हुए प्रत्येक को 10,000 रुपये नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम स्थित आई सी ए आर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आज "वन हेल्थ समन्वय मानव, पशु, जलीय जीवन का एकीकरण—सतत भविष्य की ओर" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। यह सम्मेलन आई सी ए आर–क्यारी द्वारा अंडमान साइंस एसोसिएशन के सहयोग से हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से वैज्ञानिकों, नीति–निर्माताओं, शिक्षाविदों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा थे। इस अवसर पर उप निदेशक, स्वास्थ्य डॉ. अविजित राय, क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के अतिरिक्त निदेशक डॉ. लालजी सिंह तथा भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के उपाध्यक्ष डॉ. सी. शिवपेरुमन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में जूनोटिक रोगों, प्रतिजैविक प्रतिरोध तथा खाद्य सुरक्षा जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने में 'वन हेल्थ' अवधारणा पर बल दिया। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. जय सुंदर ने मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के परस्पर संबंधों पर प्रकाश डालते हुए समन्वित और बहुविषयक प्रयासों की आवश्यकता बताई। सम्मेलन में फेलो, युवा वैज्ञानिक, श्रेष्ठ वैज्ञानिक तथा आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्रदान किए गए और महत्वपूर्ण प्रकाशनों का विमोचन हुआ। सम्मेलन में देशभर से 190 से अधिक शोधकर्ताओं ने ऑनलाइन और ऑफलाइन भागीदारी की।

<><><><><><><>

रामाश्रम सत्संग (मथुरा) द्वारा श्री विजयपुरम के लम्बा लाईन स्थित नगरी इन में कल से 1 मार्च तक चार दिवसीय आध्यात्मिक समारोह एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित होगा। प्रातःकालीन सत्र सुबह 6 बजे से 11 बजे तक तथा सांध्यकालीन सत्र शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में सभी धर्म, जाति एवं समुदाय के लोग शामिल हो सकते है। यह कार्यक्रम क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता, सौहार्द और मानसिक शांति को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।

<><><><><><><>

मायाबंदर स्थित महात्मा गांधी महाविद्यालय में आज भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्योत्तर अंडमान के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एस. कृष्ण चैतन्य थे। उन्होंने बताया कि ये नीतियां दूरसंचार क्षेत्र के सुव्यवस्थित विकास, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तथा उपभोक्ता हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। कार्यक्रम में महात्मा गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.वी.आर. मूर्ति ने कहा कि सेवा की गुणवत्ता तथा सेवा प्रदाताओं के बीच प्रभावी समन्वय उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। ट्राई, कोलकाता के वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी देवजीत साहा ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से उपभोक्ता संरक्षण हेतु उपलब्ध विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। संयुक्त सलाहकार, ट्राई, कोलकाता, असीम दत्ता ने दूरसंचार विभाग द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों की।

<><><><><><><>